an>

Title: Issue regarding increasing cases of ragging in colleges in the country.

श्री शरद त्रिपाठी (संत कबीर नगर): माननीय उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से कॉलेजों में रैगिंग जैसी समस्या पर सदन का ध्यान आकृष्ट करना चाहूंगा। आज रैगिंग की वजह से यह स्थिति हो गयी है कि बहुत से कॉलेजों के छात्र भयभीत हैं। वहाँ छात्रों के साथ बुरा बर्ताव किया जा रहा है, निश्चित ही उसके लिए बहुत से नियम-कानून बनाये गये हैं, लेकिन वे नियम-कानून इतने निष्प्रभावी हो चुके हैं कि असलियत में उनका क्रियान्वयन नहीं हो पा रहा है। मेरे ही संसदीय क्षेत्र का एक मामला है। महाराष्ट्र इंस्टीट्यूट ऑफ टैक्नोलॉजी में एक छात्र के साथ रैगिंग द्वारा इतना बुरा बर्ताव किया गया कि वह छात्र आत्महत्या करने पर मजबूर हो गया, इसलिए मैं आपसे निवेदन करना चाहूंगा कि ऐसे कार्यों में संलिप्त लोगों के खिलाफ सदन के माध्यम से सरकार को निर्देशित किया जाए, ताकि ऐसे मामलों में कठोर कार्रवाई की जाए।